निसबड द्वारा व्यवसाय के लिए सभी सेवाएं निःशुल्क, स्वरोजगार की दिशा में सहयोग

निर्भरता के लिए आवश्यक संसाधन, सहायता और मार्गदर्शन जरूरी : अरोड़ा

निसबड द्वारा एक दिवसीय मेंटरिंग कार्यक्रम का आयोजन

लखनऊ।

भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निसबड) के मुख्य परामर्शदाता पी के अरोड़ा ने कहा कि युवा वर्ग में अपने भविष्य को लेकर चिंताएं और कुछ कर गुजरने का जज्बा है, लेकिन उन्हें आवश्यता के अनुरूप संसाधन नही मिल पाते। युवा को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें आवश्यक संसाधन, सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करके बेरोजगारी से दूर किया जा सकता है। आज सोमवार को निसबड द्वारा सरोजनीनगर की देवलोक कालोनी स्थित सहयोग परिवार परिसर में आयोजित मेंटरिंग कैम्प के दौरान प्रतिभागियों को सम्बोधित कर रहे थे।

निसबड की निदेशक डां पूनम सिन्हा के निर्देशन में आयोजित इस मेंटरिंग के दौरान उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान अपने प्रतिभागियों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए आवश्यक सहयोग दे रहा है। प्रतिभागी निसबड से अपने व्यवसाय के पंजीकरण, पैन कार्ड, लोन की प्रोजेक्ट रिपोर्ट तथा सोशल मीडिया पर प्रचार के लिए सहयोग ले सकते है।

उन्होंने बताया कि यह सभी सेवाएं निसबड द्वारा निःशुल्क दी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को उद्यमिता के महत्व का पता लगाने और युवाओं को उनकी उद्यमशीलता यात्रा [illegible] करने के लिए सशक्त बनाया गया [illegible] बनने की दिशा में पहला कदम [illegible] इसके बाद ही उनमें उद्यमशीलता का मानसिकता होगी। इस मौके पर सहयोग परिवार के अध्यक्ष राज किशोर पासी ने अरोड़ा एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।